तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024 जींद

10 नव विद्या हाई स्कूल का सिल्वर जुबली व एनुअल-डे सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया

10 श्याम संग खेलो रे होली कार्यक्रम का आयोजन


**शिक्षा व संस्कार का समावेश ईफा अकैडमी**

IIT-JEE/NEET व 10+1, 10+2 (Med/Non-Med) के बच्चों को अब भटकने की जरूरत नहीं है क्योंकि ईफा एक ऐसी संस्था है जो सैकड़ो बच्चों को डॉक्टर वह इंजीनियर बना चुकी है। ईफा अकैडमी में अनुभवी मैनेजमेंट है और दिल्ली व कोटा के अनुभवी अध्यापकों द्वारा तैयारी करवाई जाती है। यही कारण है कि ईफा एकेडमी आज विश्वसनीयता का प्रतीक बन चुकी है। अगर आप भी डॉक्टर व इंजीनियर बनना चाहते हैं या तैयारी की सोच रहे हैं तो कहीं भी एडमिशन लेने से पहले ईफा अकैडमी द्वारा शुरू की जा रही 7 दिनों की फ्री ट्रायल क्लास जरूर करें।

10+1 व 10+2 का BATCH 27 मार्च से शुरू हो रहा है

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
EFA Academy, SCF-25, Near Jat Dharmshala, U/E, Jind
9996004625, 9315366265

# होली पर्व पर एहतियात के तौर पर जींद डिपो नहीं चलाएगा बसें

## रोडवेज कर्मी भी रंगोत्सव को लेकर अवकाश पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

होली पर्व पर अहतियात के तौर पर रोडवेज जींद डिपो ने 25 मार्च सोमवार को बसों को न चलाने का निर्णय लिया है। ऐसे में बस यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए 25 मार्च सोमवार को कहीं जाने के लिए रोडवेज की बसों में सफर करने की योजना बना रहे हैं तो अपनी योजना को टाल दें। रंगोत्सव के दिन हुड़दंगबाजी होने की अधिक संभावना रहती है। दूसरी तरफ यात्रियों की संख्या भी अपेक्षाकृत कम रहती है। ऐसे में विभाग ने 25 मार्च को बसों की सेवाएं बंद रखने का फैसला लिया है। फाग पर्व पर होने वाले हुड़दंग पर सरकारी संपत्ति के नुकसान व यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। इस समय जींद डिपो डिपो में मौजूदा समय में 200 बसें शामिल हैं। जींद बस अड्डे से दिल्ली, चंडीगढ़, पौंटासाहिब, हरिद्वार, लुधियाना, संगरूर व पटियाला जैसे लंबे रूट पर बस सेवा है। इसके अतिरिक्त जींद से रोहतक, पानीपत व करनाल, कुरुक्षेत्र सहित अन्य दूसरे जिलों के लिए बस चलती हैं। जींद डिपो में हर रोज लगभग 17 हजार यात्री सफर करते हैं, जिससे डिपो को हर रोज लगभग 13 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त होता है लेकिन रंगोत्सव के चलते सोमवार को बसों का संचालन बाधित रहेगा। वहीं प्राइवेट बस यूनियन के प्रधान अजय कुमार ने कहा कि प्राइवेट बस चालकों ने भी रंगोत्सव मनाने को लेकर सोमवार को बस नहीं चलाने का निर्णय लिया है। जींद से असंध, पानीपत, गोहाना, नरवाना, हांसी जैसे लोकल रूट पर 160 बस चलती है।




### सोमवार को बसों का संचालन रहेगा बाधित

जींद डिपो के डीआई जसमेर ने बताया कि रोडवेज कर्मचारी भी रंगोत्सव को लेकर अवकाश पर रहेंगे। ऐसे में यात्रियों को चाहिए कि वह सोमवार को रोडवेज बसों में यात्रा करने से बचें। मंगलवार से सभी बसों का संचालन सुचारू रूप से किया जाएगा। 25 मार्च को रोडवेज बस सेवाएं बंद रहेंगी।

# 26 से प्रारंभ होगी सरसों की खरीद

**उचाना।** हैफेड ने सरसों की सरकारी खरीद को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। 26 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। खरीद को लेकर सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। किसानों को अपनी सरसों की फसल बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो। इसे लेकर उचाना क्षेत्र का शेड्यूल बनाकर दिन निर्धारित किए गए। एक किसान प्रति एकड़ आठ क्विंटल और अधिकतम 25 क्विंटल तक सरसों की फसल बेच सकता है। सरसों की खरीद केवल उन्हीं किसानों की होगी, जिन किसानों ने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। हैफेड मैनेजर सुनीता मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च को गांव बड़नपुर, सुंदरपुरा, भगवान पुरा, दरोली खेड़ा, 27 मार्च डूमरखा कलां, डूमरखा खुर्द, डोहाना खेड़ा, झील, 28 मार्च मंगलपुर, सेढ़ा माजरा, सुदकैन कलां, सुदकैन खुर्द, 29 मार्च तारखां, खरकभूरा, लोधर, घसो कलां, घसो खुर्द, 30 मार्च एवं 1 अप्रैल को काकड़ोद, नचार खेड़ा, 2 काकड़ोद, उचाना खुर्द, 3 धनखड़ी, कालता, 4 दुर्जनपुर, दरोली खेड़ा, 5 दुर्जनपुर, उदयपुर, 6 को दुर्जनपुर, उदयपुर में सरसों की सरकारी खरीद की जाएगी। 8 को पालवां, रोजखेड़ा, 9 सुरबरा, उचाना कलां, 10 एवं 11 अप्रैल को खटकड़, 12 एवं 13 अप्रैल को खटकड़, काब्रच्छा, 15 अप्रैल छात्तर, मांडी कलां, 16 अप्रैल छात्तर, गुरुकुल खेड़ा, 17 व 18 अप्रैल को मोहनगढ़ व मखंड गांव में खरीद की जाएगी।









# नव विद्या हाई स्कूल का सिल्वर जुबली व एनुअल-डे सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया

## विधायक ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

नरवाना रोड स्थित नव विद्या हाई स्कूल का सिल्वर जुबली और एनुअल-डे सेलिब्रेशन बड़े जोश एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की और समारोह कि अध्यक्षता डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल ने की। विद्यालय की प्राचार्या सविता शर्मा ने विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया तथा परीक्षा में पॉजिशन और मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने सरकारी नौकरी प्राप्त की है तथा चार विद्यार्थियों को विदेश में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सरकारी नौकरी प्राप्त करने विद्यार्थियों को तथा विदेश जाने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता को विधायक ने अंगवस्त्र पहना कर और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। डा. रमेश पंचाल ने बच्चों को नशे और मोबाइल के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए उन से बचने कि सलाह दी। गौरतलब कि गत वर्ष विद्यालय के तीन विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में हरियाणा प्रदेश में चौथी, छठी एवं आठवीं पॉजिशन प्राप्त करके इतिहास रचा। विद्यालय की छात्रा तमन्ना ने नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र नितीश की टीम ने प्रदेश स्तर पर थ्रोबाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र पियूष गुलिया ने जिला स्तर पर आयोजित 48 किलोग्राम भार वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया। नरेंद्रनाथ शर्मा, सुरेंद्र आहूजा, रामनिवास, सुभाष शर्मा, कृष्ण अहलावत, दलशेर लोहान, महेंद्र लोहान, राजेश ढांडा, रमेश सहारण, जोगिंद्र गोयत मौजूद रहे।



जींद। नव विद्या हाई स्कूल में प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। जयंती मंदिर में आयोजित होली महोत्सव के दौरान झूमती महिला श्रद्धालु।

# भक्ति रस के भजनों में झूमी महिला श्रद्धालु

- जयंती मंदिर में भव्य तरीके से मना होली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

होली पर्व की पूर्व संध्या पर जींद शहर के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में श्रद्धालु भक्ति से भरपूर भजनों के बीच जमकर झूमे। महिला श्रद्धालु रंगों को एक-दूसरे पर उड़ाती हुई ईश्वर की भक्ति में डूबी हुई नजर आई। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सानिध्य में हुए होली महोत्सव के दौरान शहर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

इस दौरान जींद की भजन गायिका जानवी ने अपनी आवाज से सबको भक्ति रस में डूबोकर नाचने पर मजबूर कर दिया। जानवी की आवाज के जादू से बुजुर्ग महिलाएं भी झूमने पर मजबूर हो गई। इस दौरान मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री ने कहा कि होली पर्व रंगों का त्यौहार है। उन्होंने कहा कि धुलेंडी पांच दिन तक प्रतिपदा तिथि से पंचमी तक चलने वाला प्रेम, उल्लास, एकता और भाईचारा का त्योहार है। होलिका दहन के पश्चात प्रतिपदा को धुलेंडी पूजन कर माता-पिता से भी आशीर्वाद लिया जाता है। फिर टोली बनाकर ढोलक अथवा मृदंग बजाते-गाते चल समारोह निकाला जाता है। इस दौरान मित्रों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते है। द्वितीया, तृतीया और चतुर्थी एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने तथा मिठाई खाने-खिलाने का विधान है। रंग-पंचमी को फिर वही किया जाता है जैसा कि प्रतिपदा धुलेंडी को किया था। होली पर्व पर सूखी होली गुलाल और अबीर से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि लोग फूलों की होली खेलने के महत्व को पहचाने और पानी की बर्बादी को भी रोकें। इस मौके पर अनाज मंडी के प्रधान पप्पू शर्मा, राजेंद्र देबन, विशाल कामराज, रामसुनेजा, सागर कौशिक, राजेंद्र शर्मा, रिषभ सहित सैंकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।



जींद। भजन सुनते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

# श्याम संग खेलो रे होली कार्यक्रम का आयोजन

**जींद ।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा होली की पूर्व संध्या पर श्याम संग खेलो रे होली कार्यक्रम का आयोजन बनखंड महादेव मंदिर प्रांगण में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयप्रकाश गोयल तथा विशिष्ट अतिथि जींद के विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। कार्यक्रम में हांसी से राघवेंद्र सरकार तथा मंदसौर मध्य प्रदेश से अधिष्टा व अनुष्का बहनों की जोड़ी ने श्याम बाबा के सुंदर-सुंदर भजनों से भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में विभिन्न श्याम संस्थाओं के प्रतिनिधियों दानी स'जनों तथा श्याम मंदिर बनाने में सहयोग देने वाले पूर्व प्रधानों एवं आजीवन सदस्यों का संस्था द्वारा पटके पहना कर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्था के प्रवक्ता अशोक सेतिया ने बताया कि फाग वाले दिन जयपुर से मनीष भाई घी वाले अपनी धमाल मंडली के साथ रंग रंगीला फाल्गुन महोत्सव में भाग लेंगे तथा उसी दिन शहरवासियों के लिए संस्था द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया है।






















हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 मार्च 2024
जींद

तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

## मौसम के बिगड़े तेवरों से किसान चिंतित

**जींद**। रविवार को मौसम के बदले तेवरों ने किसानों को चिंता में डाल दिया। आकाश में बादल खतरा बन कर मंडराते रहे। तेज हवा के साथ उड़ती धूल भी परेशानी का कारण बनी रही। आकाश में छाए बादलों को देख किसानों की धड़कनें ऊपर-नीचे होती रही। किसानों को लगातार भय सताता रहा कि मौसम के बिगडे तेवर उनकी फसलों को तबाह न कर दें। रविवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति 26 किलोमीटर प्रति घंटा तथा मौसम में आद्रता 40 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार मौसम शुष्क तथा परिवर्तनशील रहेगा।

### खबर संक्षेप

## वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत

**जींद**। गांव गुलकनी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचाना कलां निवासी जसबीर अपनी रिश्तेदारी में गांव जलालपुरा आया हुआ था। जो गत दिवस शाम को गांव जलालपुरा कलां से कहीं चला गया। जो ना तो घर पहुंचा और ना ही गांव वापस लौटा। रात को जसबीर गांव गुलकनी के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

## दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चुराया

**कैथल**। चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। वकील कॉलोनी चीका के शिवम शर्मा ने चीका पुलिस को देश का एक में आरोप लगाया है कि 22 मार्च को चोर उसकी दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे तथा वहां पर रखा हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 18000 रुपए बताई गई है। जांच अधिकारी चीका थाना पुलिस के इंस्पेक्टर बलवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हमला कर युवक को घायल किया

**जींद**। राजकीय पीजी कॉलेज में पढ़ाई करने वाले युवक को डीआरडीए मार्केट में ले जाकर लाठीए डंडे व तेजधार हथियार से वार कर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से फरार हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में किनाना निवासी राहुल ने बताया कि वह पीजी कॉलेज में पढ़ाई करता है। उसको बराडख़ेड़ा निवासी शिव कॉलेज से बाहर डीआरडीए की मार्केट में साजिशन ले गया।

## धमकी देने के आरोप में एक नामजद

**कैथल**। चीका पुलिस ने आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर दो युवतियों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध में एक गांव के व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि गांव बाओपुर के वीरू शर्मा ने उसकी लड़की व भतीजी को आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर किया।

## दो स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद**। जिले में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दरौलीखेड़ा निवासी नीरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिन के समय पड़ रही गर्मी तो रात के समय पारा रह रहा नीचे

# मौसम में बदलाव से बीमारियों की चपेट में आ रहे नगरवासी

### अस्पताल में खांसी, जुखाम व बुखार के बढ़ने लगे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का असर अब मानव शरीर पर होने लगा है। इस समय दिन के समय तापमान 32 डिग्री तक रह रहा जबकि शाम होते ही न्यूतम तापमान 15 डिग्री रह रहा है। जिससे दिन के समय गर्मी तो रात के समय ठंड का अहसास हो रहा है। इस बदलते मौसम में वायरल, सर्दी, जुखाम, खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी की शिकायत है। ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा भी संदिग्ध मरीजों के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या है। इस समय मौसम ऐसा बना हुआ है कि दिन के समय तो लोगों को तेज गर्मी महसूस हो रही है और रात के समय ठंडी हवा बहने के कारण लोग ठंडक भी कर रहे हैं और लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। जिसके चलते लोगों के शरीर में दर्द के साथ सर्दी, जुखाम, तेज बुखार, गले में खराश और दर्द, सिर दर्द, खांसी, उल्टी, एलर्जी की शिकायत लेकर निजी तथा नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक ओपीडी पर्ची बनाई जाती हैं। इनमें से लगभग 250 मरीज ऐसे होते हैं जो वायरल, सर्दी, खांसी, जुखाम व एलर्जी से संबंधित बीमारी बता कर ओपीडी पर्ची बनवाते हैं। दिन की तेज गर्मी के कारण लोग कई बार ठंडी चीजों का सेवन कर रहे हैं वहीं रात को तापमान में ठंडक होने के चलते लोग गरम चीजों का सेवन कर लेते हैं। जिससे शरीर की तासीर बिगड रही है।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लाइन में लगे लोग।

**ये है पिछले एक सप्ताह का अधिकतम व न्यूनतम तापमान**

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 24 मार्च | 29 डिग्री | 17 डिग्री सेल्सियस |
| 23 मार्च | 33 डिग्री | 18 डिग्री |
| 22 मार्च | 32 डिग्री | 17 डिग्री |
| 21 मार्च | 29 डिग्री | 17 डिग्री |
| 20 मार्च | 33 डिग्री | 15 डिग्री |
| 19 मार्च | 30 डिग्री | 14 डिग्री |
| 18 मार्च | 29 डिग्री | 13 डिग्री |
| 17 मार्च | 28 डिग्री | 12 डिग्री |

### वायरल का कारण : डा. राजेश

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि बदलता मौसम वारयल फीवर का कारण बना हुआ है। इस मौसम में लोगों को उल्टी, दस्त, एलर्जी, बुखार, खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। इस समय जो वायरल फीवर है वो हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन बहुत तेजी से बढ़ता है। ऐसे में हमे विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से बचना चाहिए, खाना खाने से पहले अपने हाथ अवश्य धोने चाहिए। जितना संभव हो सके, घर का बना खाना खाना चाहिए। उबला हुआ या साफ पानी पीना चाहिए।

### वायरल बुखार के लक्षण

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण शरीर गरम होना, दस्त लगना, त्वचा पर लाल रेशे, गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। इसके अलावा 100 डिग्री सेल्सियस से अधिक बुखार आना, पेट दर्द, सिर दर्द, भूख कम लगना, थकान लगना, सांस लेने में कठिनाई होना मुख्य लक्षण हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### संदिग्धों के करवाए जा रहे टेस्ट

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हर दूसरा मरीज वायरल से पीड़ित पहुंच रहा है। बाकायदा नागरिक अस्पताल में वायरल पीड़ित लोगों का टैस्ट भी करवाए जा रहे हैं और इसे लेकर उचित उपचार तथा बचाव की जानकारी भी दी जा रही है। वायरल की चपेट में बच्चे-बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं।



कलायत। फ्लैग मार्च निकालते सुरक्षा बल। फोटो :हरिभूमि

## कलायत में पुलिस, आरएएफ व सीआरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नागरिकों को कड़े सुरक्षा प्रबंध और शांति का संदेश देने के लिए कलायत थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। शनिवार सांय फ्लैग मार्च की रहनुमाई जिला पुलिस कप्तान कुमारी उपासना के निर्देश पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास ने की। उनके साथ आरएएफ डीएसपी प्रेमजीत सिंह और अन्य अधिकारी रहे मौजूद।तय कार्य योजना अनुसार नेशनल हाईवे के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण इलाके में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च किया। अनुशासन और कानून व्यवस्था का अहसास करवाते चल रही सुरक्षा बलों की टुकड़ियों का आम नागरिकों ने पुरजोर अभिनंदन किया। इंस्पेक्टर रामनिवास ने कहा कि शासन और प्रशासन व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग है। शांति प्रिय ढंग से चुनाव संपन्न करवाने के लिए व्यापक प्रबंध हैं। नागरिकों को शांति पूर्वक मतदान के लिए प्रेरित करने को सुरक्षा बलों ने सुदृढ़ कानून व्यवस्था का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आदर्श व्यवस्था कायम करते हुए मतदान करवाना प्रशासन का दायित्व है।इसको लेकर हर स्तर पर व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। उन्होंने हर छोटी और बड़ी जानकारी को प्रशासन के साथ सांझा करने की अपील की। साथ ही तमाम तरह की अफवाहों से विचलित न होने का आग्रह किया। इंस्पेक्टर ने कहा कि चुनाव को लेकर हाईटेक व्यवस्था की गई है।पल-पल की सूचनाओं को प्रशासन नागरिकों तक प्रेषित करता रहेगा।

## हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई : थाना प्रभारी

**पूंडरी**। थाना प्रभारी राजकुमार ने कहा कि होली-फाग रंगों का अनूठा भारतीय त्यौहार है जो एकता और भाईचारे के बंधन को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। पूंडरी थाने में एक भेंटवार्ता में उन्होंने कहा कि होली-फाग का त्यौहार लोगों के जीवन में रंग भरने के साथ-साथ सभी को समाज में सद्भाव से रहने के लिए प्रेरित करता है। जाति और पंथ के निम्न विचारों से ऊपर उठकर एकता व भाईचारे की भावना के साथ इस पर्व को मनाएं। उन्होंने रंगों का त्यौहार मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि त्यौहार की आड़ में उपद्रव जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वो के साथ कोई रियायत न बरतते हुए कड़ाई के साथ निपटा जाएगा। इस त्यौहार पर बडी संख्या में शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटना के मामले सामने आते रहे हैं।

## मकान मालिक की हत्या करने का आरोपित चोर काबू, पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ चोरी करते पकड़े जाने पर मकान मालिक पर हमला कर हत्या का आरोप

सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव रोझला घर में चोरी की नियत से घुस कर मकान मालिक की हत्या करने के आरोपित चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव रोझला निवासी तनुज ने 21 मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात को उसका पिता बबली (50) तथा वह अलग-अलग कमरों में सोए हुए थे। परिवार के अन्य लोग पूजा अर्चना के लिए बाहर गए हुए थे। देर रात को गांव का संदीप चोरी की नियत से घर में घुस गया। चोर के घर में घुसने की भनक उसके पिता बबली को लग गई और वह चोर से उलझ गया। उसी दौरान संदीप ने उसके पिता पर लात तथा घूसों से बौछार कर दी। जिसमें उसके पिता को गंभीर चोटें आई। उसके पिता द्वारा शोर मचाए जाने पर वह भी मौके पर पहुंच गया और चोर संदीप को पकड़ लिया। जिस पर संदीप ने उस पर ईंट से वार किया ओर छुडा कर फरार हो गया। हाथापाई के दौरान संदीप का मोबाइल फोन तथा एक जूता वहीं छूट गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बेसुध हालत में उसके पिता बबली को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना सफीदों पुलिस ने मृतक के बेटे तनुज की शिकायत पर संदीप के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

## होली पर्व पर लें बुराइयों को त्यागने का संकल्प : ऊषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजौंद में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राजयोगिनी उषा बहन और सरिता बहन ने होली के महत्व को बताते हुए कहा कि होली पर्व हमारे अंदर की बुराइयों व पुराने स्वभाव संस्कार को दहन करने तथा परमात्मा प्रेम के रंगों में रंगने का प्रतीक है। होली पर्व केवल एक दिन नहीं बल्कि अपना संपूर्ण जीवन उमंग उल्लास से रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि हर त्योहार वैसे तो अलग अलग पहचान छोड़ते है लेकिन होली के त्योहार की अपनी अलग ही पहचान रही है।



होली महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान।

कार्यक्रम में सबने मिलकर रंगों के साथ साथ परमपिता परमात्मा के प्रेम में रंगते हुए होली मनाई। इस दौरान भारी संख्या में भाई बहन मौजूद रहे।

# केमिकल रंग बिगाड़ सकते हैं सेहत

सूरज सहारण ▶▶| कैथल


रंगों के त्यौहार होली को लेकर नगर में दुकानों पर रंग बिरंगी पिचकारियां व गुलाल हर किसी को अपनी और आकर्षित कर रहे है। 25 मार्च को फाग का त्योहार है, जिसे लेकर बाजारों में जगह जगह गुलाल, पिचकारी, की दुकानें सजी हुई है। दुकान चाहे छोटी हो या बड़ी इन दिनों सभी होली के सामान से सराबोर नजर आ रही है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली का प्रतीक पिचकारी भी जो आम प्लास्टिक या लोहे से बनी होती थी, इस बार विभिन्न आकारों में आ रही है। जो कि ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रही है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले कई दिनों वह खाली बैठे थे जैसे ही होली का पर्व नजदीक आया बच्चों में पिचकारी आदि खरीदने की होड़ लग गई। मार्केट में गहरे और पक्के रंग के नाम पर



सिंथेटिक कलर खूब मिल रहे हैं। इन रंगों को लगाने से त्वचा पर जलन, रेडनेस की समस्या हो सकती है। जिन लोगों की स्किन सेंसिटिव है उन्हें चकत्ते या खुजली की समस्या भी हो सकती है। कुछ लोगों को इसके एलर्जी जैसे त्वचा पर लालिमा और सूजन या पित्ती निकल सकती है।

### आंखों के लिए रंग हानिकारक

होली पर मिलने वाले कुछ रंगों में सिलिका और सीसा जैसी चीजों का उपयोग किया जा रहा है। जो आंकों के लिए हानिकारक हैं। इससे आंख डैमेज होने का भी खतरा होता है। इस तरह के रंग पुतलियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। रंग से ड्राई आई की समस्या हो सकती है। होली पर केमिकल वाले रंगों का उपयोग करने से सांस के मरीज को परेशानी हो सकती है। इससे फेफड़ों को नुकसान हो सकता है। सासं लेने में तकलीफ और लगातार खांसी की समस्या पैदा हो सकती है। जो लोग अस्थमा के मरीज हैं उन्हें रंग और गुलाल से होली खेलने से परहेज करना चाहिए। ऐसे लोगों को अस्थमा का अटैक आ सकता है। अगर खेलनी है तो हर्बल रंगों का उपयोग करें और वो भी सीमित मात्रा में ही प्रयोग करें। **पेट की समस्याएं** : होली पर अगर रंग किसी भी तरह मुंह या नाक में ज्यादा चला जाए तो इससे पेट में भी समस्या हो सकती है। केमिकल वाला रंग पेट में जाने से गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं बढ़ सकती हैं।






# होलिका की पूजा अर्चना कर की सुखद भविष्य की कामना

## बाजार में छाई रौनक, लोगों ने गुलाल खरीदा


जींद। होलिका दहन से पहले पूजा करते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिलेभर में रविवार को रंगों का खेल होली पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने होलिका की पूजा अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना की। बाजार में रौनक छाई रही। लोगों ने जमकर गुलाल खरीदा। बच्चे पिचकारी खरीदने में पीछे नहीं रहे। देर शाम को शहर में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया और पटाखे फोड़े। शहर के बाजार पटियाला चौक, पुरानी सब्जी मंडी, मेन बाजार, पालिका बाजार, तांगा चौक पर खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों व लोगों ने गुलाल की खरीददारी की। आलम यह था कि गलियों में छोटे बच्चे अपने मकानों की छत पर चढ़ कर आने-जाने वालों पर पानी उड़ेल रहे थे। पानी से भरे गुब्बारों की बरसात हो रही थी। दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाई। पटेल नगर, सावित्री नगर, संत नगर, सैनी मोहल्ला, अपराही मोहल्ला, हनुमान नगर, अर्बन इस्टेट, डिफेंस कालोनी, सफीदों रोड, रोहतक रोड, भिवानी रोड, प्रेम नगर, आत्मा नगर में बच्चे गलियों में घूमते हुए नजर आए। दुकानदार सुनील ने बताया कि इस बार लोगों ने सबसे ज्यादा हर्बल गुलाल खरीदा। हर्बल गुलाल लाल, हरे व पीले रंग में उपलब्ध था। बच्चों ने गुलाल व वाटर कलर के पाउच खरीदे। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक पिचकारी भी बच्चों की पहली पसंद रही। दुकानदारों ने बताया कि बच्चों ने स्पाइडर, माचिस, गन व फव्वारा पिचकारी ज्यादा पसंद की। देर शाम के बाद होली का दहन हुआ। शहर में कई जगहों पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इससे पहले भारी संख्या में महिलाओं ने होली की पूजा की तथा पानी चढ़ाया। इसके बाद महिलाओं ने होलिका की फेरी लगाई व कच्चा सूत बांधकर होलिका की परिक्रमा की। होलिका को आग लगाते ही लोगों ने प्रह्लाद जिंदाबाद के नारे लगाए। बुराई की प्रतीक होलिका धूं-धूंकर जल गई जबकि प्रह्लाद को श्रद्धालुओं ने सकुशल निकाल कर पानी में बहा दिया। वहीं, पिल्लूखेड़ा मंडी में होली के पवित्र त्यौहार पर महिलाओं ने होली की पूजा अर्चना की और सुख शांति की कामना की। जयंती देवी मंदिर में होली पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया व फूलों से होली खेली। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि हर त्यौहार का अपना एक रंग होता है, जिसे आनंद या उल्लास कहते हैं। होली को रंगों के त्यौहार के रूप में मनाते हैं। होली का त्यौहार भारत में फाल्गुन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इसमें एक और रंगों के माध्यम से संस्कृति के रंग में रंगकर सारी भिन्नताएं मिट जाती हैं और सब बस एक रंग के हो जाते हैं।

### उचाना में की गई होलिका की पूजा

होली का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया। जगह-जगह होलिका बनाई गई। दोपहर से ही महिलाए, बच्चें होलिका की पूजा करने के लिए जाने लगे। उचाना कलां में लाइन के पास, फायर बिग्रेड के पास बनाई गई होलिका पर पूजा करने वालों की पूरे दिन भीड़ रही। परिवार में सुख, समृद्धि की कामना के लिए पूजा अर्चना की गई। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश भी देता है।


नरवाना। शहीदी दिवस मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में मनाया शहीदी दिवस

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में शहीदी दिवस मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर वीरेंद्र बिढानए प्रधानाचार्य नवीन चेयरमैन प्रवीण और अध्यापकों ने शहीद भगत सिंहए राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन भेंट किए। विद्यालय के शिक्षकों व बच्चों ने दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर बच्चों ने कविताए गीत भाषण और नृत्य के माध्यम से शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन ने शहीदों को याद करते हुए भगत सिंहए राजगुरु और सुखदेव के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा किइन क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का बलिदान करके देश के लोगों को जीने की नई राह दी। उनके बलिदानों के कारण हम स्वतंत्रता की सांस ले रहे हैं इसलिए हमें उनके आदशोंर् पर चलना चाहिए और उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि हम भी समाज के लिएए देश के लिए निष्ठापूर्वक और निस्वार्थ कार्य करते रहे। इस मौके पर विद्यालय डायरेक्टर वीरेंद्र बिढानए चेयरमैन प्रवीण व स्टाफ मौजूद रहा।

## पानी के बिना होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया



**नरवाना।** श्री श्याम बाल वाटिका स्कूल ने इस बार होली उत्सव का आयोजन अलग तरीके से किया। जिसमें स्कूल ने होली के मौके पर एक रोड शो का आयोजन किया। जिसका मुख्य उद्देश्य होली खेलने के संदेश को साझा करना था। इस रोड शो की शुरुआत मुख्य अतिथि चेयरपर्सन मुकेश मिर्धा व विशाल मिर्धा ने की। उन्होंने बताया की यह रोड शो न केवल होली के रंगीन और जैविक रंगों की महत्वता पर ध्यान आकर्षित करता है बल्कि यह भी मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को उजागर करता है। इस शो में राधा कृष्णा की एक सुंदर झांकी भी दिखाई गई और होली के इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों का उत्साह देखने को बन रहा था। इस अवसर पर डायरेक्टर कृष्ण अरोड़ा और प्रधानाचार्या 'योति अरोड़ा ने रोड शो के माध्यम से लोगों को पानी के बिना होली खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर होली के मौलिक संदेशों को साझा करते हुए भी प्रेरित किया जैसे कि प्रकृति का सम्मान करनाए साथ ही परिवार और समाज के साथ एकता और समरसता बनाए रखना। उन्होंने नगर प्रशासन की ओर से भी जनता को आगामी लोकसभा चुनावों मे अपना अपना वोट अवश्य देने की अपील की ताकि हम सब मिलकर अपने देश के लिए सही नेता का चुनाव कर सकें।

# होली विशेषांक : जुलाना, जींद

























